तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशयल्स जज **न्यायालय अपर सैशन न्यायाधीश कम–03, अजमेर** **फौजदारी अपील संख्या 589/2025 (सी.आई.एस.नंबर 589/2025)** **आचू देवी बनाम सरकार व अन्य**	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
13.04.26	अपीलार्थीया/अभियुक्ता आचू देवी मय अधिवक्ता श्री शंकर सोंकरिया उपस्थित। प्रत्यर्थी संख्या 1 राज्य सरकार की ओर से अपर लोक अभियोजक उपस्थित। प्रत्यर्थी/परिवादी महेन्द्र गोयर मय अधिवक्ता श्री दीपचंद जैसवार उपस्थित। प्रकरण में उभय पक्षकारान के राजीनामा होने का मध्यस्थता करार प्राप्त हो चुका है। इस स्तर पर अपीलार्थीया/अभियुक्ता व प्रत्यर्थी/परिवादी की ओर से लोक अदालत की भावना से संयुक्ततः राजीनामा का प्रार्थना–पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया कि हस्तगत प्रकरण में अपीलार्थीया व परिवादी के मध्य आपसी समझाईस से राजीनामा हो गया है। हस्तगत प्रकरण में दिनांक 07.04.26 को परिवादी ने अपीलार्थीया से अपनी सम्पूर्ण बकाया राशि प्राप्त कर ली है। अपीलार्थीया व परिवादी के मध्य अब पैसों के लेनदेन को लेकर कोई विवाद शेष नहीं है एवं दोनों ही पक्ष अब प्रकरण में आगे कोई कार्यवाही नहीं चाहते है। अतः राजीनामा अनुसार उक्त प्रकरण का निस्तारण करने का निवेदन किया। अपीलाथीया/अभियुक्ता व प्रत्यर्थी/परिवादी की ओर से प्रस्तुत राजीनामा की इबारत उपस्थित पक्षकारान को पढ़कर सुनाई व समझाई गई, जो सुन समझकर उभयपक्षों ने स्वैच्छा से सही होना स्वीकार किया तथा अपील को राजीनामा के आधार पर निस्तारित करने का निवेदन किया गया। राजीनामा, राजीनामा की पुश्त पर पृथक से तस्दीक किया गया। पक्षकारान की पहचान उनके अधिवक्तागण द्वारा की गयी। प्रकरण में पक्षकारान के मध्य राजीनामा होने एवं अब कोई विवाद शेष नहीं होने के दृष्टिगत, चूंकि आरोपित अपराध काबिले राजीनामा है, विचारण न्यायालय द्वारा फौजदारी परिवाद प्रकरण संख्या 1318/2022 उनवानी महेन्द्र गोयर बनाम आचू देवी में पारित आक्षेपित निर्णय व दण्डादेश दिनांक 19.11.2025 को अपास्त किया जाता है तथा अपीलार्थीया/अभियुक्ता आचू देवी को धारा 138 परक्राम्य लिखत अधिनियम के अपराध से बरूए राजीनामा दोषमुक्त किया जाता है। आदेश की एक प्रति के साथ विचारण न्यायालय की पत्रावली शीघ्र प्रेषित की जावे। पत्रावली अंतिम निस्तारण हेतु राष्ट्रीय लोक अदालत में दिनांक 09.05.26 को प्रस्तुत हो। **(नीरज गुप्ता)** अपर सेशन न्यायाधीश, क्रम–3 अजमेर	

Authenticated Document

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज **न्यायालय अपर सैशन न्यायाधीश कम–03, अजमेर** **फौजदारी अपील संख्या 589/2025 (सी.आई.एस.नंबर 589/2025)** **आचू देवी बनाम सरकार व अन्य**	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए

Authenticated Document